


# शंकराचार्य नेत्रालय गरीबों के लिए बना वरदान

**नवभारत,गोटेगांव।** धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम स्थित श्री शंकराचार्य नेत्रालय समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार बुलंदियों को छू रहा है,यह नेत्रालय गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के लिए एक बड़ी उम्मीद बन गया है,यहां मोतियाबिंद के मुफ्त ऑपरेशन किए जा रहे हैं,जिससे हजारों लोगों को जीवन में नया उजाला मिल रहा है, ज्ञात होवेकि इस नेत्रालय की स्थापना 7 जून 2013 को ब्रह्मलीन जगत गुरु शंकराचार्यस्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वतीजी महाराज और भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति मा. प्रणब मुखर्जी द्वारा की गई थी। यह ऐतिहासिक क्षण आज भी समाजसेवा और नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में प्रेरणा का स्रोत है,नेत्रालय में अत्याधुनिक उपकरणों और कुशल डॉक्टरों की टीम के माध्यम सेऑपरेशन किए जाते हैं,गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए यह सुविधा नि:शुल्क है, जिससे वे बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे हैं, हालही में सैकड़ों लोगों के सफल ऑपरेशन किए गए हैं, जिनमें से अधिकांश मरीज बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से थे, श्री शंकराचार्य नेत्रालय का उद्देश्य हैकि हर व्यक्ति को आंखों की रोशनी का अधिकार मिले,चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। यहां केवल चिकित्सा ही नहीं,बल्कि समाज के प्रति गहरी जिम्मेदारी की भावना भी देखने कोमिलती है,नेत्रालय प्रबंधन ने लोगों से अपील की हैकि यदि आपके आसपास कोई ऐसा व्यक्ति है जिसे



नेत्र संबंधी समस्या है,तो उन्हें यहाँ भेजें मोतियाबिंद जैसे गंभीर मामलों का तुरंत इलाज सुनिश्चित किया जाता है,यह सेवा समाज के प्रतिसमर्पण और मानवता की मिसाल है,जो निस्संदेह कईपरिवारों के जीवन कोरोशन कर रही है, महाराजश्री के सपनों को हम कर रहे है साकार परमहंसी गंगा आश्रम और श्री शंकराचार्य नेत्रालय के माध्यम से समाज सेवा का जो पवित्र कार्य चल रहा है, वह ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामीश्री स्वरूपानंद सरस्वतीजी महाराज की प्रेरणा और उनके सपनों का प्रत्यक्ष साकार रूप है,उनकेआदर्शों को आगे बढ़ाते हुए,द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वतीजी महाराज इस सेवा यात्रा को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं,स्वामी स्वरूपानंदजी का सपना थाकि जरूरतमंदों और वंचितों को समाज मेंसम्मान और जीवन के हर क्षेत्र में बराबरी काअधिकार मिले, इसी उद्देश्य से उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य और अध्यात्म के क्षेत्र में कई योजनाओं की नींव रखी,आज,उनके उत्तराधिकारी स्वामी सदानंद सरस्वतीजी महाराज उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुएइन योजनाओं को विस्तार दे रहे हैं,विशेष रूप से श्री शंकराचार्य नेत्रालय में गरीबों और वंचितों के लिए मोतियाबिंद और नेत्र रोगों का मुफ्त उपचार किया जा रहा है, यह सेवा न केवल जरूरत मंदों की आंखों की रोशनी लौटाती है, बल्कि उन्हें जीवन में एक नई दिशा और आशा भी प्रदान करती है।

**हो व्यवस्थायें** | कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की रहेगी भीड़

# नर्मदा घाटों पर उचित व्यवस्था बनाने की जरूरत

**नवभारत,नरसिंहपुर,तेंदूखेड़ा।** कार्तिक मास में दान पुण्य स्नान का विशेष महत्व हुआ करता है। श्रद्धालु महिलाएं पूरे मास भर प्रतिदिन स्नान कर पूजन अर्चन किया करतीं हैं। पूर्णिमा पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के घाटों पर पहुंच कर स्नान कर पूजन अर्चन किया करतीं हैं। लेकिन इस वर्ष हुई तेज बारिश के कारण बाढ़ का पानी अधिक होने के कारण घाटों पर मिट्टी का कटाव हो जाने से आवागमन में परेशानी हो रही है।

चूंकि नर्मदा के प्रत्येक घाट पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए समुचित व्यवस्थायें बनाये जाने की महती आवश्यकता है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट बिल्थारी करोंदी बारह छत्तरपुर सिमरिया घाटों पर विशेष ध्यान दिये जाने की जरूरत है। हर साल इन व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान तो आकृष्ट कराया जाता है लेकिन स्थानीय ग्राम पंचायतों को जवाबदारी सौंपकर अधिकारी अपनी जबाब दारियों से पल्ला झाड़ लेते हैं। और श्रद्धालु अव्यवस्थाओं के बीच परेशान होते हुए देखे सुने जाते हैं।




## ककरा घाट पर पड़ता है दबाव, वाहनों की आवाजाही पर लगे रोक

तेंदूखेड़ा से गाडरवारा जाने वाले सड़क मार्ग पर पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट जहां गाडरवारा तेंदूखेड़ा और रायसेन सागर जिले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में अनुकूलता के हिसाब से पहुंचा करते हैं लेकिन ना तो इस घाट तक पहुंचने सुगम रास्ता है और ना ही प्रकाश की कोई उचित व्यवस्था है। यहां तक कि महिला पुरुषों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। घाटों पर बड़ी बड़ी दुकानें लग जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा हुआ करती है। यहां तक कि बाहनों का भारी दबाव होने की स्थिति में मुख्य सड़क मार्ग से लेकर नीचे तक जाम लगने की समस्या बनती है घंटों मशक्कत के बाद सड़क मार्ग सुचारू हो पाते हैं। सबसे बड़ी समस्या इस सड़क मार्ग पर एन टी पी सी प्लांट से आ रही राख को लेकर भारी संख्या में कंटेनरों की आवाजाही इस मार्ग पर अबाध गति से चला करते हैं।आये दिन सड़क दुर्घटना में अनेकों लोग काल के गाल में समा भी चुके हैं। कुछ दिनों तक रफ्तार में लगाम लगने के बाद अब पुन: वही स्थिति बनीं हुई है।

### अव्यस्थायें हावी है

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर दो दिन पूर्व से ही श्रद्धालु पैदल आवागमन करते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से दो दिन तक इन कंटेनरों की आवाजाही पर रोक लगाये जाने की जरूरत है। कलयुग में मोक्षदायिनी मां नर्मदा का पावन तट और भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रह्माण्ड घाट में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचा करतें हैं। यहीं से पंचकोशी परिक्रमा और नर्मदा परिक्रमा का श्री गणेश हुआ करता है। लेकिन विसंगति पूर्ण स्तिथि यहां पर यह देखने को मिलती है कि घाटों पर पर्याप्त सुविधाएं ना होने तथा पंचकोशी मार्ग पर अव्यस्थायें हावी है। श्रद्धालु कष्टमय यात्रा करने मजबूर हो जाते हैं। दो दिन पूर्व से दो दिन बाद तक श्रद्धालु नर्मदा तटों पर रहकर स्नान पूजन भंडारा किया करते हैं। यहां रहकर भोजन प्रसाद भर्त बाटी बनाया करतें हैं लेकिन घाटों पर गंदगी का आलम और उचित व्यवस्था ना होने के कारण उनका आस्था पर आघात पहुंचता है।



# सुरक्षा और सद्भाव के लिए तूमड़ा में जनसंवाद

**नवभारत। साईंखेड़ा/तूमड़ा।** पुलिस प्रशासन ने सामुदायिक सुरक्षा और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से साईंखेड़ा के समीप ग्राम तूमड़ा में एक महत्वपूर्ण जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान, एसडीओपी (SDOP) रत्नेश मिश्रा और थाना प्रभारी प्रकाश पाठक ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया।

## जनसंवाद में सुरक्षा पर चर्चा

अधिकारियों ने ग्रामवासियों के साथ बैठक की और गांव की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। एसडीओपी रत्नेश मिश्रा ने ग्रामीणों से विशेष रूप से यह जानने का प्रयास किया कि गांव में किसी भी प्रकार की कोई अवांछनीय या गलत गतिविधि तो नहीं हो रही है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन गांव में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। थाना प्रभारी प्रकाश पाठक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस पहल को ग्रामवासियों ने सराहा और पुलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

**भव्य शिव मंदिर के दर्शन और सराहना:** जनसंवाद के उपरांत, दोनों अधिकारियों ने ग्राम तूमड़ा में स्थित भगवान भोलेनाथ के दिव्य मंदिर में दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अधिकारियों ने मंदिर के भव्य और सुंदर निर्माण की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सुंदर धार्मिक स्थल गांव में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का संचार करते हैं। बताया जाता है कि यह मंदिर हाल ही में पूर्ण हुआ है, जिसके निर्माण कार्य को लेकर पूरे क्षेत्र में चर्चा है। अधिकारियों के इस दोहरे दौरे—सुरक्षा जांच और धार्मिक सद्भाव—ने ग्राम तूमड़ा के लोगों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना को और मजबूत किया है।

# भगवान श्री सहस्त्रबाहु जन्मोत्सव कार्यक्रम आज

**नवभारत। गाडरवारा।** कलचुरी कलार समाज के आराध्य भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जयंती कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को हमारे आराध्य भगवान सहस्त्रबाहु जी का जन्मोत्सव बनाया जाता है। इसी क्रम आज 28 अक्टूबर को भगवान श्री की जन्मोत्सव स्थानीय स्तर पर बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें प्रात: भगवान् सहस्त्रबाहु जी की पूजन विभिन्न स्थानों पर होगी जिसमें 9.30 रेल्वे स्टेशन,10.00झंडा चौक,10.30 भगवान् सहस्त्रबाहु चौक बोदरी नाका, साथ ही 11 बजे से शासकीय सिविल अस्पताल में



व्हीलचेयर एवं औषधि भेंट का कार्यक्रम रहेगा। साथ ही प्रतिभा सम्मान एवं मिलन समारोह शाम 6 बजे सुखदेव भवन में रहेगा। इस अवसर पर समस्त कलचुरी कलार समाज के बंधुओं की उपस्थिति की अपील अध्यक्ष मनीष जायसवाल

# कलचुरी महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह 31 को

**नवभारत। तेंदूखेड़ा।** आगामी 31अक्टूबर को कलचुरी समाज के इष्ट देव भगवान श्री सहस्त्र बाहू जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य मेंसुभाषचंद बोस स्टेडियम सभागार श्रीधाम में अर्चना जायसवाल राष्ट्रीय संयोजक कलचुरी एकता महासंघ एवं मालती राय महापौर नगर निगम भोपाल के मुख्यातिथ्य सुमनलता पटैल डायरेक्टर मणि नागेंद्रसिंह फाउंडेशन स्कूल गोटेगाँव की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

# कार्यक्रम को लेकर कल्चुरी समाज की बैठक

**नवभारत। गोटेगांव।** बीते दिवस स्थानीय कलचुरी समाज गोटेगांव की एक आवश्यक बैठक श्रेया होटल में आयोजित की गई जिसमें राजेंद्र राय की अध्यक्षता एवं जिलाअध्यक्ष पंकज चौकसे के मुख्य अस्तित्व में आयोजित हुई। जिसमें आगामी दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को राजराजेश्वर श्री सहस्त्रबाहु अर्जुनजी की जन्म जयंती मनाए जाने हेतु कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भव्य और दिव्य जयंती मनाई जाने का सुनिश्चित हुआ ! कार्यक्रम 28 अक्टूबर 2025 को प्रात: काल 9=30 बजे एकत्रीकरण श्रेया होटल




में एवं 10=00 बजे भगवान सहस्त्र बाहूजी का पूजन आरती तत्पश्चात प्रसाद वितरण होगा एवं 31 अक्टूबर को अखिल भारतीय महिला सम्मेलन का आयोजन नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सभागार में होने जा रहा है जिसमें प्रत्येक घर से मातृशक्ति की उपस्थिति एवं सहयोग की अपील की गई बैठक में अरुण राय बद्री प्रसाद चौकसे राजेंद्र राय होटल एल एम बी गौरव राय आकाश राय नितेश राय कपिल राय अनुराग राय वैभव राय आशीष राय सुमित राय अज्जू राय शंकर राय सहित सामाजिक बंधु

# सांगई के स्कूल में सायबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम

**नवभारत। गाडरवारा।** बीते सोमवार को ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में विभागीय निर्देशों के परिपालन में सायबर अपराध जागरूकता पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर सायबर अपराध जागरूकता पर संदेश दिया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने विद्यार्थियों को बताया कि वर्तमान युग संचार क्रांति का है लेकिन मोबाइल एवं सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर इनदिनों फर्जी मेसेज, लिंक आ जाने से हम अनजाने में इनको खोलकर देख लेते है जिसके चलते आर्थिक नुकसान हो जाता है। इसके अलावा कई बार अनजाने कॉल मोबाइल पर आते है जो बैंक खाते की जानकारी एवं ओटीपी मांगते है। अनजाने में ओटीपी देने पर खाते से राशि कट जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अनजाने फोन कॉल, फर्जी लिंक पर ध्यान बिल्कुल न दें। कार्यक्रम में अतिथि शिक्षक चन्द्रभूषण नामदेव ने भी विद्यार्थियो को सायबर अपराध जागरूकता से सबंधित जानकारी दी।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत व्यापारी सम्मेलन एवं दीवाली मिलन

## आत्मनिर्भर भारत का रास्ता गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं की भागीदारी से होकर जाता है : प्रहलाद सिंह

**नवभारत। करेली।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी बचत उत्सव के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन जीएस मैरिज गार्डन करेली मे किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार जिला खाद्य व्यापारी संघ अध्यक्ष राजकुमार जैन समाजसेवी प्रमोद गुप्ता मंचासीन रहे सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र एवं पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम विधिवत आरंभ किया गया। सम्मेलन में व्यापारी,किसान, उपभोक्ता, जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।इस दौरान सम्मेलन में प्रबुद्ध नागरिक व कार्यकर्ताओं ने जब बाजार जाएंगे, माल स्वदेशी लाएगे, अपना घर स्वदेशी घर, अपनी दुकान, स्वदेशी दुकान, अपना जिला स्वदेशी जिला और घटी जीएसटी, मिला उपहार,




धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगाए गए इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब तीसरे स्थान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आत्मनिर्भर भारत का रास्ता गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं की भागीदारी से होकर जाता है। पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को आत्मसात करते हुए हम आत्मनिर्भर बन रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज बीजेपी वट वृक्ष बन चुकी है पीएम मोदीजी की हर योजना की राशि लाभार्थी के सीधे खाते में जा रही है जिससे प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर बन रहा है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का मानना था कि आर्थिक व्यवस्था स्वदेशी पर आधारित होनी चाहिए। जब तक यह स्वदेशी नहीं होगी, यह न तो हमारी स्वतंत्रता की रक्षा कर सकती है और न ही न्याय की गारंटी दे सकती है। आज भाजपा सरकार इसी मंत्र पर चलते हुए स्वदेशी को बढ़ावा दे रही है। %मेक इन इंडिया% से लेकर %स्टार्टअप इंडिया%, %वोकल फॉर लोकल% से लेकर %आत्मनिर्भर भारत% तक हर पहल का लक्ष्य यही है कि हम विदेशी निर्भरता कम करें और स्वदेशी उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाएं स्वदेशी के भाव से ही भारत आत्मनिर्भर बन सकेगा परम पूज्य दादा गुरु की वाणी आज के समय की मांग भी है और हमारा कर्तव्य भी वर्तमान कालखंड में चित्त, चित्र और चरित्र तीनों बदल रहे है ऐसे में हमें अपने विचारों और कर्मों को राष्ट्रहित में संकल्पित करना होगे जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा की जब हम अपने उद्योगों को मजबूत करते हैं, कौशल और तकनीक को बढ़ावा देते हैं, तो हम न सिर्फ आत्मनिर्भर बनते हैं बल्कि दुनिया को भी अपनी शक्ति का परिचय देते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भी मानना है कि स्वदेशी उत्पादों का मतलब कम कीमत, अधिक शक्ति है। मोदी सरकार जनधन खाते के माध्यम से देश में 50 करोड़ से अधिक खाता खोले गए प्रधानमंत्री आवास 3 करोड़ से अधिक लोगों को प्राप्त हुआ उज्ज्वला योजना से 10 करोड परिवार लाभान्वित हुए आयुष्मान भारत कार्ड से देश में 37 करोड लोगों ने मुफ्त में इलाज कराया देश में 80 करोड लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण तथा 5 लाख तक निशुल्क इलाज करवा रही है आज हम आत्मनिर्भर होकर देश को समृद्ध बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते है नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला सिंह ने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही आत्मनिर्भर रहा है।


# कार्यालय नगरपालिका परिषद गोटेगांव
# जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)

क्रमांक . 666/ न.पा./ 2025 — गोटेगांव, दिनांक :- 27/10/2025

## नामांतरण इश्तहार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद गोटेगांव जिला नरसिंहपुर क्षेत्रांतर्गत निम्नानुसार व्यक्तियों के द्वारा भवन/प्लॉट के नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं इस नामांतरण में यदि किसी भी पक्षकार को कोई आपत्ति व एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अभिभावन के माध्यम से 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | हस्तांतरकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | वार्ड | खसरा/ मकान नं. | संपत्ति का विवरण | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 52 | श्री अमित जैन /देवचंद जैन श्रीमति ज्योति जैन w/o अनिल कुमार वार्ड | श्रीमति सविता पटैल w/o राजेन्द्र पटैल | नेहरू वार्ड | 81/4/10 | 45X50 = 2280 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 2. | 53 | श्री मोहनदास ताम्रकार आ. श्री पूरन लाल | श्रीमति स्नेहलता जैन w/o सुगनचंद जैन | नेहरू वार्ड | 112/8 | 1818 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 3. | 54 | श्री मोहनदास ताम्रकार आ. श्री पूरन लाल | श्रीमति स्नेहलता जैन w/o सुगनचंद जैन | नेहरू वार्ड | 112/8 | 1040 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |
| 4. | 55 | श्री प्रकाश सिंह आ. नारायण सिंह | श्रीमति ललता बाई पटैल w/o लक्ष्मण पटैल | आजाद वार्ड | 272/2 | 372 वर्गफुट प्लाट | रजिस्ट्री |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गोटेगांव